Holi : Rango ka Tyohar

पाठ का सारांश

होली का त्योहार ऊँच-नीच, छोटे-बड़े का भेदभाव मिटाकर एकता और प्रेम का संदेश देता है। मेल-जोल के इस त्योहार पर त्वचा के लिए हानिकारक रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

Summary

Holi is a festival of love, joy and colours. In this festival we enjoy sharing colours, sweets and gifts to each other. This is the festival which vanishes the boundary of colour, cast and religion.

पढ़ें और इनके शब्द लिखें—

क् + ष	=	क्ष	—	कक्ष	···क्षमा···	···अक्षय···
त् + र	=	त्र	—	छत्र	···सत्र···	···मित्रता···
ज् + ञ	=	ज्ञ	—	ज्ञान	···विज्ञान···	···ज्ञाता···
श् + र	=	श्र	—	श्रम	···आश्रय···	···आश्रम···

पढ़ें, समझें और वाक्य पूरे करें—

जिससे, इसलिए, और, परंतु

क. होलिका प्रह्लाद को लेकर आग में बैठी ···जिससे··· वह जल जाए।

ख. होलिका तो जल गई ···परंतु··· प्रह्लाद बच गया।

ग. आज माधवी ···और··· रोहन बहुत प्रसन्न थे।

घ. रंग आँखों के लिए हानिकारक होता है ···इसलिए··· सावधानी से रंग खेलना चाहिए।

याद करके लिखें—

क. प्रह्लाद के पिता का नाम — ···हिरण्यकश्यप···

ख. प्रह्लाद की बुआ का नाम — ···होलिका···

ग. होली मनानेवाले दिन का नाम — ···फाल्गुन पूर्णिमा···

सोचकर लिखें—

क. दादी माँ ने होली के बारे में क्या बताया?

उ. ···दादी माँ ने बताया कि होलिका प्रह्लाद को जलाने के लिए उसे गोद में लेकर आग में बैठ गई··· ···परंतु प्रह्लाद बच गया व होलिका जल गई। तभी से होलिका दहन व रंग लगाने की प्रथा चली आ··· ···रही है।···

ख. पापा ने होली के बारे में क्या बताया?

उ. ```पापा ने बताया कि होली का त्योहार ऊँच-नीच, छोटे-बड़े का भेदभाव मिटाकर प्रेम का संदेश देता```
```है। अत: इसे सावधानी से रंग के साथ खेलना चाहिए। किसी पर कीचड़, ग्रीस तथा अन्य गंदे रंग```
```नहीं डालने चाहिए।```

लिखकर बताएँ—

क. माधवी और रोहन ने क्या-क्या खरीदा?

उ. ```माधवी ने हवाई जहाज़वाली पिचकारी तथा रोहन ने बंदूकवाली पिचकारी खरीदी।```

ख. होलिका को क्या वरदान मिला था?

उ. ```होलिका को यह वरदान मिला था कि आग उसे जला नहीं सकती है।```

ग. माधवी की सहेली क्यों रोने लगी?

उ. ```माधवी की सहेली के मुँह पर किसी ने काला रंग लगा दिया था जो उसकी आँख में चला गया था।```
```इस कारण माधवी की सहेली रोने लगी।```
```